जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा

बिहार सरकार

पारा विधिक स्वंयसेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

विज्ञापन संख्या 01/2026 दिनांक 20.05.2026

1. **आवेदन कौन दे सकता हैं:—**
ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरूष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एंव वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हैं, इनमें सेवानिवृत शिक्षक, सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, छात्र, गैर सरकारी संगठन एंव क्लब के सदस्य, स्वंय सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एंव अन्य व्यक्ति (विद्वान अधिवक्ता को छोड़कर), जो स्वंय सेवा में रूचि रखते हो आवेदन कर सकते है।

2. **शैक्षणिक योग्यता:— मैट्रिक पास/ आवेदक को हिन्दी एवं अंग्रेजी लिखने—पढ़ने का ज्ञान होना चाहिए। आवेदक यदि कम्प्यूटर की जानकारी रखते हो तो अपने आवेदन में दर्ज करें उन्हें वरीयता दी जाएगी।**

3. आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन एंव प्रवेश पत्र के साथ पूरी तरह भरकर अपने शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड एंव अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति लगाकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर, भोजपुर, आरा के **कार्यालय में हाथों—हाथ या पंजीकृत डाक से दिनांक 08.06.2026** तक भेजें। इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन के साथ **पचपन रूपयें का डाक टिकट लगा, स्वपता लिखा लिफाफा अनिवार्य रूप से संलग्न करें।** आवेदक अपने आवेदन पर अपनी संपर्क संख्या (मोबाईल नं०), ईमेल संख्या अनिवार्य रूप से लिखें।

4. **आरक्षण:—**चूंकि पारा विधिक स्वंयसेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लोभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है। अतः पदों का आरक्षण नहीं है।

5. **पदों की संख्या:—** 40 (चालीस) पारा विधिक स्वयंसेवको के चयन हेतु आरा सदर अनुमण्डलीय क्षेत्र से 14, पीरो अनुमण्डलीय क्षेत्र से 11 एंव जगदीशपुर अनुमण्डलीय क्षेत्र से 15 पारा विधिक स्वंयसेवक का चयन किया जाएगा।

6. **पारा विधिक स्वंयसेवकों के कार्य:—** पारा विधिक स्वंयसेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितों एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एंव विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय द्वारा सौंपा जाए को करना है।

7. **मानदेय:—**रू0 750/— (सात सौ पचास रूपया) प्रतिदिन। परन्तु यह मानेदय केवल उन वि ोष दिनों के लिए ही भुगतेय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई वि ोष कार्य करने हेतु सौंपती हैं या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में भुगतान देय होगी।

8. **सामान्य अनुदेश।**
(1) आवेदक भोजपुर जिले का निवासी हो।
(2) शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।
(3) अच्छा चरित्र का हो,
(4) समाज सेवा में रूचि रखता हो।
(5) राजनीतिक सक्रियता न हो।

9. आवेदन निम्न प्रारूप में पूर्ण रूप में सादे कागज पर स्वयं हस्तलिखित या टाईप किया हुआ स्वीकार किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप https://bhojpur.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है।

आवेदन भेजने का पता:— '' सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर, भोजपुर, आरा, पिन कोड—. 802301'' दूरभाष संख्या—06182—222555

अंतिम तिथि :— 08.06.2026

प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश—सह—अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा

PR- 004827 (District) 2026-27

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से भी प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।